दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 141 | छतरपुर, मंगलवार 17 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में किसान सम्मेलन सह जनकल्याण पर्व का होगा आयोजन

**-19 दिसंबर को सटई के स्टेडियम प्रांगण में कार्यक्रम प्रस्तावित**

**-कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए**

**-विभागीय योजनाओं और सेवाओं से लाभांवित हितग्राही, लगाए जाएंगे स्टॉल**






तरपुर। 19 दिसम्बर गुरुवार को छतरपुर जिले के नगर परिषद सटई में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्यआतिथ्य में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत किसान सम्मेलन सह जनकल्याण पर्व का कार्यक्रम होना प्रस्तावित है। कार्यक्रम का आयोजन सटई के स्टेडियम प्रांगण में होगा। सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं एसपी अगम जैन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया और नगरपरिषद में तैयारियों के संबंध में बैठक की। इस दौरान नगरपरिषद अध्यक्ष सटई माया शर्मा, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

तदुपरांत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए अधिकारियों को तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहर, एडीएम मिलिंद नागदेवे एवं सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग हितग्राहियों को अपनी योजनाओं और सेवाओं का लाभ देने के लिए कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगाएंगे। उन्होंने कहा अधिकारी अपनी व्यवस्था के लिए स्थल का अवलोकन कर लें।

## केन बेतवा लिंक परियोजना कार्यक्रम की कलेक्टर ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खजुराहो से भूमि पूजन कार्यक्रम प्रस्तावित**

*छतरपुर। 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना के भूमिपूजन का खजुराहो में कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसको लेकर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम के संबंध में छतरपुर जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। इस दौरान एसपी अगम जैन, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।*




कलेक्टर श्री जैसवाल ने बताया की 25 दिसंबर 2024 को खजुराहो से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने कहा केन बेतवा परियोजना से जिले के 688 ग्राम और बुंदेलखण्ड सहित प्रदेश के 10 जिले लाभांवित हो रहे है। साथ ही उत्तर प्रदेश के भी 4 जिलों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा यह देश की पहली नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना है जो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की ड्रीम परियोजना थी। जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम खजुराहो के मेला ग्राउंड में होना प्रस्तावित है। इस योजना से लगभग 44 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी और केन नदी पर ढोड़न बांध बनने से छतरपुर जिले के लगभग 4 लाख 16 हजार 942 हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई का लाभ किसानों को मिलेगा। जिले के 14 ग्रामों में भू-अर्जन से संबंध कार्यवाही चल रही है।

कलेक्टर ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि जिले के लाभांवित ग्रामों में परियोजना के लाभ और महत्व को समझाने के लिए जलकलश यात्राएं, किसान सभाएं, संगोष्ठी, स्कूल एवं कॉलेज में शॉर्ट वीडियो के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। साथ ही स्व सहायता समूहों द्वारा महिलाओं को पीले चावल वितरित कर कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि जन जन तक परियोजना के महत्व और लाभ की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करें। एसपी श्री जैन ने बताया कि 25 दिसम्बर को सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं जिसमें रूट प्लान, सभा स्थल, पार्किंग स्थल आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर पहुंचने के संबंध में रूट आदि की जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से दी जाएगी।

## ग्राम मिढ़का में पति-पत्नी के शव मिलने से फैली सनसनी

### पूरा गांव गम में डूबा, पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी

छतरपुर। जिले के लवकुशनगर थाना अंतर्गत आने वाली पठा चौकी क्षेत्र के ग्राम मिढ़का में सोमवार को पति-पत्नी की रहस्मयी ढंग से मौत होने का मामला सामने आया है। सुबह जैसे ही यह खबर फैली वैसे ही पूरा गांव गमगीन हो गया। वहीं पुलिस ने मृत दंपत्ति के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के पोस्टमार्टम के लिए भेजा और विवेचना में जुट गई।

लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि मिढ़का निवासी 25 वर्षीय मनोज पाल अपनी पत्नी के ज्योति पाल उम्र करीब 24 वर्ष के साथ घर में अकेला था। उसके पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे, जबकि मां खेत पर गई थी। सोमवार की सुबह परिजन घर पहुंचे और मनोज को आवाज लगाई तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों की मदद से दरवाजे को खोला गया, जहां घर के कमरे में बेड के ऊपर मनोज और ज्योति के शव पड़े मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर लवकुशनगर थाना और पाठ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल



का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद पंचनामा कार्रवाई की गई और इसके बाद दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। बताया गया है कि मृतक मनोज पाल का तीन वर्ष पूर्व ज्योति के साथ विवाह हुआ था। पिछले काफी दिनों से मनोज का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था जिसके चलते दोनों परेशान थे। बहरहाल दंपत्ति की मौत कैसे हुई इसके सही कारण सामने नहीं आए हैं, पुलिस बारीकी से मामले की जांच कर रही है।

***इनका कहना***

लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मिढ़का में पति-पत्नी का शव, घर के अंदर पाया गया है। मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं, दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद कारण सामने आएंगे। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

***विक्रम सिंह, एएसपी, छतरपुर***

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत लगाया गया कैंप




**सत्तार खान**

परिहार गर्जना न्यूज। चंदला। नगर परिषद की ओर से वार्ड नंबर 2, में लगाया गया मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत इस कैंप में जिनहित ग्राहियों को अभी तक लाभ नहीं मिला है उन हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए यह सिविर लगाया गया है इस कैंप में नगर परिषद के कर्मचारी और महिलाबाल विकास के कर्मचारी और विद्युत विभाग राजस्व विभाग के कर्मचारी रहे मौजूद , नगर परिषद सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए लगाया गया है।

# खजुराहो, बमीठा एवं राजनगर मंडल अध्यक्ष पर पार्टी ने एक बार फिर जताया भरोसा



**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा खजुराहो बमीठा एवं राजनगर मंडल के अध्यक्षों पर एक बार फिर से भरोसा जताते हुए जहां उन्हें दूसरी बार लगातार अध्यक्ष बनाया गया है तो वही नए मंडल विक्रमपुर में छोद्धि कुशवाहा को मंडल अध्यक्ष पार्टी के द्वारा नियुक्त किया गया है। विक्रमपुर लोकपाल सिंह बुंदेला, विदित हो की बमीठा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी, राजनगर मंडल अध्यक्ष कमलेश पटेल एवं खजुराहो मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल पर पार्टी ने भरोसा जताते हुए जहां इनको एक बार फिर से अवसर प्रदान किया है तो वहीं विक्रमपुर को नया मंडल बनाया गया है, आज के इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर इन सभी मंडल अध्यक्षों के साथ पूजा अर्चना कर मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़े तथा ढोल नगाड़ों में नाचते हुए दिखाई दिए ।



# गौरिहार की गलियों से गुजरने में, आए दिन गिरते हैं राहगीर

## जम्मेदार बने हैं अनजान, रहवासी हो रहे हैं परेशान







**प्रकाश मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। अनुविभागीय मुख्यालय की अधिकांश सड़कें बीते कई महीनों से जलभराव की वजह से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाने से कीचड़ व दलदल से भरी पटी हैं,जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़कों की यह दुर्गति यहीं तक सीमित होती तो भी गनीमत थी,लेकिन सड़कों की बदहाली का आलम यह है कि कई जगह तो छोटी -छोटी पुखरियां तक बन चुकी है। गाँव के वाशिंदों ने अपनी यह ब्यथा गौरिहार एसडीएम सहित स्थानीय पंचायत के जिम्मेदार नुमाइंदों को मौखिक से सुनाने के अलावा व लिखित में भी करीब बीस दिन पहले सुना चुके हैं इसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी व पंचायत के नुमाइंदों के कानों में जूँ का न रेंगना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। जिसकी वजह से यहाँ के वाशिंदों के अलावा बैंक,थाना, तहसील, अस्पताल,परियोजना, जनपद सहित अन्य शासकीय कार्यालयों के अलावा अपने अन्य निजी कार्यों से समीपी गाँवों के ग्रामीणों को गौरिहार आने -जाने में आये दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

छतरपुर जिला मुख्यालय से सौ किमी0की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत गौरिहार अपने आपमें एक अपवाद है। गौरतलब है कि प्रदेश भर में गौरिहार ग्राम पंचायत के अलावा शायद ही ऐसी कोई अन्य पंचायत होंगी जिसे अनुविभागीय मुख्यालय का दर्जा प्राप्त हो। यहाँ पर अनुविभागीय मुख्यालय होने की वजह से एसडीएम,तहसीलदार,ब्लॉक शिक्षा खंड अधिकारी, बीएमओ, बीआरसीसी, परियोजना अधिकारी सहित नगर निरीक्षक जैसे प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा सत्तापक्ष के जनपद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, नव गठित भाजपा मंडल के अध्यक्ष सहित अन्य जिम्मेदार निवास/प्रवास करते हैं इसके बावजूद गौरिहार की आम रास्ताओं का कीचड़ व कचरे से भरा पटा रहना किसी आश्चर्य से कम नहीं है।

गौरिहार बस्ती की मुख्य सड़कें जलभराव व कीचड़ से भरी पटी हैं जिसके चलते इन सड़कों से होकर गुजरने वाले नन्हे-बच्चों से लेकर वृद्ध-बुजुर्गों व महिलाओं सहित स्कूली बच्चों तक को रोजाना भारी परेशानी उठानी पड़ती है ऐसा नही है कि ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर ग्राम के जिम्मेदार नुमाइंदों से न सम्पर्क किया हो, यहाँ तक कि स्थानीय वाट्स अप ग्रुप में आये दिन यहाँ की अब्यवस्थाओं को लेकर जोरदार चर्चा होना आम बात हो चुकी है इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा ग्रामीणों को अभी तक सिर्फ आश्वासन ही नसीब हुआ है ग्राम की सबसे ब्यस्तम रास्तों बस स्टैंड से कितपुरा रोड़ के घोषियाना मुहाल में,रमोले तालाब वाली रास्ता, सरवई तिराहा के पास से स्थानीय मंगल भवन तक, देव तालाब वाली रास्ता व लक्ष्मीगंज मुहाल से मॉडल स्कूल का रास्ता सहित अन्य गलियों का बहुत बुरा हाल है।

बस्ती की अधिकांश सी सी सड़कों पर जगह जगह जलभराव होने से कीचड़ हमेशा पड़ा रहता है। जिससे रहवासियों व राहगीरों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा दो पहिया वाहन सवार आएं दिन गिर कर चोटिल हो रहें हैं ।बस्ती की सभी रास्ताओं से रहवासियों सहित अन्य समीपी गाँवों के लोगों का विभिन्न कामों के चलते दिन भर आना जाना लगा रहता है। इस दौरान बच्चे,वृद्ध-बुजुर्गों महिलाएं आये दिन गिर कर चोटिल हो रही हैं ।गंदा बदबू दार जलभराव के कारण वहां आस पास रह रहे लोगों को मच्छर जनित विभिन्न बीमारियों से बीमार होने का अंदेशा बना रहता है।

ग्रामीण सुनील पटेल,किशोर साहू,पप्पू शुक्ला,नटवर पटेल, रामकेश पटेल, राकेश नायक, राजकुमार सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान ईं गलियों की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। पीड़ितों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

***जिम्मेदार बोले***

मैं इस मामले में गौरिहार सरपंच से बात करके ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाने का प्रयास करता हूँ।

***आकाश नीरज -तहसीलदार गौरिहार***

# बीना विधायक निर्मला सप्रे द्वारा विभिन्न सड़कों का भूमि पूजन

## विधायक द्वारा बीना विधानसभा के संपूर्ण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बेसराकसोई और पुरैना में कई विकास कार्यों का शुभारंभ विधायक निर्मला सप्रे द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय जनता उपस्थित रहे। विधायक निर्मला सप्रे ने पंचायत बेसराकसोई में विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की शुरुआत की ग्राम बेसराकसोई में प्रधानमंत्री सड़क से शासकीय एकीकृत हाईस्कूल तक 3.10 लाख की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कार्य का शुभारंभ। ग्राम धरमपुर में सामुदायिक भवन से दुर्गा जी मंदिर तक 3.15 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ। ग्राम धरमपुर में गोंड बाबू के चबूतरा से प्रधानमंत्री सड़क तक 6.30 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ। इसके अलावा, विधायक ने पंचायत पुरैना में भी विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। ग्राम हांसुआ में 7.50 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ। प्रधानमंत्री सड़क से सुरेश अहिरवार की खेत तक 14.90 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ। आदिवासी बस्ती से गोवर्धन बबेले के खेत तक 14.88 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ। पंचायत भवन से आदिवासी बस्ती तक 13.90 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि यह निर्माण कार्य बीना विधानसभा के समग्र विकास में योगदान देंगे और ग्रामीण जनता की जीवन-यात्रा को सुगम बनाएंगे। हम हमेशा अपने क्षेत्रवासियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



# अतिक्रमण मुक्त होगा शहर ,नहीं लगेंगे हाथ ठेले-निगमायुक्त

## आठ जोन अधिकारी की निगरानी में हटेगा अतिक्रमण



विजय निरंकारी

*परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शहर में अतिक्रमण की हालत बद से बदतर होती जा रही है।देखने में आ रहा हे कि प्रशासन भी हार मान चुका है जहां देखे वहां अतिक्रमण स्थिति यहां तक आ पहुंची है कि गाड़ी ले जाना तो दूर अब तो पैदल भी चलना भी दूभर हो गया है।बीच सड़क पर लगी दुकानें जहां यातायात को प्रभावित कर रही हे।वही दूसरी ओर सागर की सुंदरता को दाग लगा रहा है।वही लगातार निगमायुक्त द्वारा लगातार अतिक्रमण को हटाने का प्रयास किया जा रहा हे मगर उसके कुछ खास परिणाम नहीं निकल पा रहा है।ऐसे में लगता हे सरसों की तरह फूल रहा अतिक्रमण से सागर वासियों को निजात मिल पाना नामुमकिन सा प्रतीत हो रहा है।*

आज नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों से यातायात में बाधक बने अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई ऐसी कार्यवाही नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार सागर नगर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु शनिवार को विभिन्न स्थानों से यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे मुख मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई । अतिक्रमण दल द्वारा तीन बत्ती से कटरा मस्जिद एवं मनोहर टाकीज तक अनाउंसमेंट कर हाथ ठेला, टपरे वालों को हिदायत दी गई कि अपने हाथठेलों को सफेद लाईन के पीछे रखे अन्यथा हाथठेलें को समान सहित जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अतिक्रमण दल द्वारा न्यायालय परिसर में रखें सांची पार्लर को हटाने की कार्रवाही की गई । पार्लर मालिक द्वारा स्वयं के द्वारा शिफ्ट करने हेत कल सुबह तक टपरे को निगम द्वारा बताए स्थान पर शिफ्ट करने का समय मांगा गया। अतिक्रमण टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए धर्म श्री चौराहे पर बने जिस यात्री प्रतीक्षालय को कल आधा खोला गया था उसे पूरा खुलवाकर यथोचित स्थान पर रखने की कार्रवाही की गई । इसके साथ ही अतिक्रमण दल द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए कटरा बाजार में अतिक्रमण कर कपड़े का व्यापार करने बालों के तीन डम्पर स्टेन्ड व हेन्गर जप्त कर नष्ट करने की कार्रवाई की गई नगर निगम द्वारा बड़ी मात्रा में अतिक्रमण सामग्री नष्ट करने की यह पहली कार्यवाही की गई। अतिक्रमण दल द्वारा चिन्मानंद बापू की कथा स्थल एवं कलश यात्रा के संभावित मार्ग से अतिक्रमण कर लगाए गए ठेलों को हटाने की कार्रवाही की गई । अब ये कार्यवाही किस हद तक कारगर साबित होगी अभी तक इसके बारे में कहना बेमानी होगी।



सागर शहर से अतिक्रमण पूर्ण रूप से हटेगा ये कहना हे निगमायुक्त राजकुमार खत्री का हमने जब उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि जगह जगह फैले अतिक्रमण से शीघ्र ही जनता को मुक्ति दिला दी जाएगी सागर में कटरा बाजार गुजराती बाजार तीनबत्ती में तीन लेयर में अतिक्रमण हे पहला अतिक्रमण जो सफेद लाइन के बाहर है स्थाई को कर सामान रखने वालों को व्यवस्थित करना इसके बाद हाथ ठेला लगाने वाले अतिक्रमणकारिद्धयों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी सबसे बाद में जो व्यापारी अपनी दुकान के बाहर समान रखते हे उनके खिलाफ कार्यवाही करके शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इसके अब इस अतिक्रमण के खिलाफ आठ जोन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो इस अतिक्रमण को हटाने में अहम भूमिका निभाएंगे ।

## सागर लोकसभा क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना की मांग को लेकर सांसद ने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री को मांग पत्र सौपा



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने सागर संसदीय क्षेत्र और इससे लगे आसपास के क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री श्री एस. कुमार स्वामी से मुलाकात की और उन्हें सागर संसदीय क्षेत्र के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सागर लोकसभा क्षेत्र बुंदेलखंड का मुख्यालय है, जिसमें विदिशा जिले की तीन विधानसभाएं क्रमशः सिरोंज, शमशाबाद और कुरवाई शामिल है, वह क्षेत्र भी रोजगार की दृष्टि से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है जहां रोजगार की अत्यंत आवश्यकता है। जिसकी पूर्ति हेतु हेवी इंडस्ट्रीज स्थापित किये जाने से क्षेत्र के नवयुवकों को रोजगार प्राप्त होगा और बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी। इसलिए उन्होंने मंत्री जी से सागर लोकसभा क्षेत्र में भारी उद्योग स्थापित करने की मांग की।

सांसद डॉ. वानखेड़े ने मंत्री जी को बताया कि सागर लोकसभा क्षेत्र में युवा शक्ति की कोई कमी नहीं है, लेकिन रोजगार के अवसरों की कमी होने के कारण लोगो को यहां - वहां जाना पड़ता है, इसलिए यदि सागर में भारी उद्योग स्थापित किए जाते हैं, तो न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास भी होगा। इस मुलाकात के दौरान मंत्री एस. कुमार स्वामी ने सांसद डॉ. वानखेडे की बातों को गंभीरता से सुना और सागर लोकसभा क्षेत्र में भारी उद्योग की स्थापना के लिए प्रस्तुत मांग पत्र पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता दे रही है और इस संबंध में उचित कदम उठाएगी ।

## तीर्थराज प्रयागराज मे होगा 136 सवा करोड पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ एव रुधाअभिषेक

### -सात दिवसीय सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ की हुई बैठक संपन्न

### -दद्दा जी ने सदा विश्व राष्ट्र कल्याण के लिए कार्य किया -गृहस्थ संत अनिल शास्त्री

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया के श्रीराम दरबार मंदिर प्रांगण मे ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पंडित श्री देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी महाराज की पुण्य स्मृति में गृहस्थ संत पूज्य बड़े भैया पंडित श्री अनिल शास्त्री जी महाराज के परम सानिध्य में विश्व एवं राष्ट्र कल्याण हेतु महाकुंभ तीर्थराज प्रयागराज में 24 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक सवा करोड पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्रयज्ञ महा रुद्राभिषेक, सात दिवसीय सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महा रुद्राभिषेक का आयोजन होना है एवं इस आयोजन की रूपरेखा हेतू पूज्य बड़े भैया के पावन सानिध्य में रविवार को शाम 4 बजे बैठक संपन्न हुई जिसमें दद्दा शिष्य मंडल के सभी गुरुभाई, बहिन एवं भक्त मंडल सामिल हुए, बैठक में गृहस्थ संत पूज्य बड़े भैया ने शास्त्री जी महाराज ने बताया कि तीर्थराज प्रयाग के कुंभ मेला में 6ं15 एकड़ भूमि ही आयोजन हेतु आवंटित होती थी लेकिन इस वर्ष 12 एकड़ से अधिक भूमि आयोजन हेतु इस बार आवंटित हो चुकी है विगत कुछ दिन पहले जमीन पर यज्ञ का भूमि पूजन, ध्वज स्थापना तीर्थराज प्रयाग में दद्दा शिष्य मंडल के वरिष्ट गुरु भाई फिल्म अभिनेता राजपाल यादव एवं दद्दा शिष्य मंडल भारतवर्ष व प्रयागराज के शिष्य मंडल के सदस्यों द्वारा यह भूमि पूजन तीर्थराज प्रयाग में संपन्न हो चुका है। शिष्य मंडल की वरिष्ट गुरु भाई डॉक्टर सुखदेव मिश्र ने कहा कि यज्ञ के दौरान कुंभ मेले में अन्न क्षेत्र घोषित कर दिया गया है 24 घंटे भोजन की व्यवस्था सभी भक्तों को निःशुल्क रहेगी, प्रयागराज में यज्ञ हेतु व्यवस्थाओं में सहयोग करने के भाव को लेकर शिष्य मंडल के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व मेला प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया।

***बैठक में दद्दाजी शिष्य मंडल सागर***

वरिष्ठ गुरु भाई- पं. केशव महराज, सुखदेव मिश्रा गुलाब सिंह राजपूत राजकुमार तिवारी गडर शैलेश केशवानी ब्रजेश तिवारी गडर अभिषेक गौर गोल्डी ठाकुर मोहन कुशवाह माधव कटारे गुड्डु अग्रवाल अजय साहू शाशंक शर्म शील चौबे मधु गुप्ता चंदन सुहाने अजय गर्ग शान्तिसरूप दुबे महेन्द्र गोस्वामी सीताराम सेन आनंद ददरिया राजकुमार सिंह ठाकुर पी एस ठाकुर शानु हरसे रितीशे तिवारी राजा रिक्षारिया विवेक संक्सेना अजुल शुक्ला निश्चय सोनी नितिन रठौर हेमंत रैकवार अखिलेश गौर मुकेश वैश्य प्रकाश कुशवाह ओम नामदेव संजय दुबे कपिल तिवारी राजेश तिवारी सचित गुरू दीपश ठाकुर सहित दद्दा शिष्य मंडल के वरिष्ठ गुरूभाई उपस्थित रहे।

## अंतरराष्टीय हिंदू परिषद एवं राष्टीय बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न

श्रीराम साहू

परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा। अंतरराष्टीय हिंदू परिषद एवं राष्टीय बजरंग दल की जिला बैठक रेंगुवा ग्राम के घोना धाम में संपन्न हुई बैठक में प्रांत संगठन मंत्री भूपेन्द्र बिल्थरेजी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार दुबे जिला महामंत्री राघवेंद्र गुरु जिला संयोजक संदीप दुबे ने संगठन के बारे मे जानकारी दी एवं जिला कार्यकारणी के विस्तार हेतु कुछ नवीन दायित्वों की घोषणाऐं की गई जिसमे रामजी दुबे शाहपुर को जिला उपाध्यक्ष ,अतुल गुप्ता रहली को जिला उपाध्यक्ष, एवं भगतसिंह ठाकुर शाहपुर को राष्टीय बजरंग दल का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी ब्लाक के पदाधिकारी सभी प्रखंडों से अध्यक्ष उपाध्यक्ष, मंत्री सहमंत्री, संयोजक, सहसंयोजक सभी की उपस्थिति रही।



### हादसे में घायल बालिका का मेडीकल में हुआ उपचार-

# सिर में लगाए 42 टांके, सिर में लगाए बाल, 20 घंटे बाद नहीं हुआ मामला दर्ज





**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिलान्तर्गत कुराई और वर्माताल गांव के बीच स्थित बगराज माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ के मेले के दौरान झूला झूलते समय एक तेरह वर्षीय बच्ची घायल हो गई थी। इस 13 साल की बच्ची के बाल चमड़ी सहित सिर से उखड़ गए थे। बताया गया है कि झांसी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने 42 टांके लगाकर उसके बाल सिर में लगा दिए हैं। अब बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बच्ची को बचाते समय झूलेवाले का पैर भी टूट गया था। वहीं दिगौड़ा पुलिस ने घटना के 20 घंटे बाद भी कोई केस दर्ज नहीं किया है। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के कुराई और वर्मा ताल गांव के बीच प्राचीन बगराज माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा, रामलीला का आयोजन चल रहा था। रविवार को इसका भंडारे के साथ समापन हुआ। यहां मेला भी लगा था। मेले में बैदऊ गांव की रहने वाले बच्ची खुशी उर्फ चाहत अन्य बच्चों के साथ पहुंची थी।

***झूला घुमाते ही फंसी चोटी-***

बच्ची के पिता राम कुमार सेन ने बताया कि बेटी खुशी उर्फ चाहत मोहल्ले के बच्चों के साथ रविवार दोपहर करीब 3 बजे बगराजन मंदिर में लगे मेला में गई थी। मेले में वह झूले पर बैठ गई। झूला पालकी वाला हाथ से घुमाने वाला था। बच्ची के बाल खुले थे। जैसे ही झूले वाले ने झूला तेज घुमाया, तो बच्ची की चोटी फं स गई और सिर के बाल चमड़ी सहित उखड़ गए। गंभीर हालत में उसे लेकर रविवार शाम करीब 6 बजे जिला अस्पताल पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी रेफ र किया गया था। वहां प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां डॉक्टरों ने माथे से लेकर सिर पर 42 टांके लगाए हैं।

***टांके लगाकर झांसी रेफ र किया-***

टीकमगढ़ के दिगौड़ा स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी डॉक्टर विजय शंकर अहिरवार ने बताया कि बच्ची के माथे के ऊपर से चमड़ी सहित बाल उखड़ गए थे। तुरंत टांके लगाकर पट्टी बांधकर प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने के चलते झांसी मेडिकल कॉलेज रेफ र किया गया था। तेजी के साथ झटका लगने के कारण ऐसा हुआ है। ऐसे मामले बहुत कम देखने को मिलते हैं।

***झूले वाले को भी हुआ पैर में फ्रैक्चर-***

जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि मेले में बबीना के रहने वाले जसवंत पिता इमरत नट ने हाथ से चलने वाला चार पालकी वाला झूला लगाया था। हादसे के दौरान जसवंत ने तुरंत ऊपर चढ़कर झूला रोका। इस दौरान उसके पर में भी फ्रैक्चर हो गया है। उसे भी झांसी रेफ र किया गया है। बच्ची के परिजन झांसी में इलाज कर रहे हैं। बच्ची की हालत खतरे से बाहर है। परिजन के लौटने पर बयान दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### खबर का असर-

# हत्या का प्रयास करने वाले पर आखिरकार हुआ मामला दर्ज

## जमीनी विवाद को लेकर चली थी गोली, घायल युवक हुआ सागर रिफर

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जमीनी विवाद के चलते हुए गोलीकांड के दौरान आखिरकार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दो दिन बाद मामला दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि गोलीकांड में घायल युवक को उपचार के लिए मेडीकल सागर रिफर गया था। थाना देहात पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई हैं। यहां बता दें फरियादी द्वारा न्याय की गुहार लगाए जाने के संबन्ध में आज सोमवार के अंक में खबर प्रकाशित की गई थी। घटना के संबन्ध में बताया गया है कि जमीनी विवाद को लेकर चली गोली के दौरान ग्राम रामनगर सेवढ़ा में आरोपी पुष्पेन्द्र यादव द्वारा उस समय कट्टा से फायर कर गोली मार दी थी, जब वह शोच के लिए सुबह घर से बाहर जा रहा था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुष्पेन्द्र यादव मौके से फ रार हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडीकल सागर रिफर कर दिया था, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घायल युवक द्वारा पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए जा रहे थे। इस संबन्ध में प्रकाशित खबर के बाद आखिरकार थाना देहात ने आरोपी पुष्पेन्द्र यादव के खिलाफ धारा 109, 296, 115/2 के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि थाना प्रभारी देहात द्वारा ग्राम में पहुंचकर मुआयना किया गया, वहीं घायल युवक के ब्यान आदि लेकर मामला पंजीवद्ध कर लिया गया है। घायल युवक दीपचंद यादव को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से सागर मेडीकल के लिए रिफर कर दिया गया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घायल दीपचंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुष्पेंद्र यादव निवासी ग्राम पंचायत बोरी ने शनिवार की सुबह करीब 4ः30 बजे जान से मारने के उद्देश्य से छाती पर तमंचा रखा। दीपचंद ने छाती से तमंचे को हटाया तो पुष्पेंद्र से गोली चला दीए गोली दीपचंद्र के हाथ में जा लगी।






# केन बेतवा लिंक परियोजना से जिले सहित बुंदेलखंड की बदलेगी तकदीर-कलेक्टर श्री शर्मा

**परियोजना के लाभान्वित ग्रामों में कलश यात्रा तथा जल आधारित विभिन्न कार्यक्रमों किये जायें आयोजित, टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा विभागवार करते हुये लम्बित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाये। साथ ही उन्होंने समाधान ऑनलाइन में चयनित एट्रीव्यूट रिपोर्ट की लम्बित शिकायतों के सम्बंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये। तत्पश्चात उन्होंने न्यायालय के कंटेम्प्ट केसों की समीक्षा की, जिसके तहत समय पर कम्पाइल रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से टीकमगढ़ जिला सहित बुंदेलखंड की तकदीर बदलेगी। उन्होंने केन-बेतवा लिंक परियोजना के संभावित लाभान्वित ग्रामों में विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि सभी लाभान्वित ग्रामों में कार्यक्रमों का आयोजन कर परियोजना के महत्व के बारे में आमजन को बताया जाये। इसके लिये कलश-यात्रा, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, भजन मण्डलियों, सांस्कृति कार्यक्रमों, युवा संवाद, वाहन रैली, साईकिल रैली, कृषक प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कर परियोजना से होने वाले लाभ के बारे में ग्रामीणजनों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को जानकारी दें। कलेक्टर श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि जनकल्याण अभियान के तहत कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहे यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के वार्डों में शिविरों का आयोजन कर योजनाओं का लाभ पाने से वंचित पात्र हितग्राहियों को शिविरों में ही लाभान्वित किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग चिन्हित सेवाओं एवं योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों की संख्या की प्रविष्टी पोर्टल पर करायें। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने शीत लहर तथा तापमान में हो रही गिरावट को देखते हुये सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाये। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर शीघ्र अलाव सहित अन्य सभी व्यवस्थायें की जायें। उन्होंने युवा उत्सव की समीक्षा करते हुये विज्ञान मेला, सामूहिक लोकनृत्य, गायन, भाषण सहित अन्य प्रतियोगिताओं के आयोजन कराने के निर्देश दिये। तत्पश्चात उन्होंने राजस्व महा अभियान 3.0 की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि अभियान अंतर्गत आधार लिकिंग, ई-केवाईसी, नामान्तरण सम्बंधित राजस्व मामले एवं बटवारा सम्बंधित राजस्व मामलों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुये 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के शेष वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी संबंधित अधिकारी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा व्यवस्थाओं को दुरूस्त करायें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एएसपी सीताराम ससत्या, संयुक्त कलेक्टर लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्दवेगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, डिटी कलेक्टर एसके तोमर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आरके पस्तोर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, पीओ डूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी आईएल आठया, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी रामबाबू गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुम महिलाओं का लगाया सुराग, परिजनों के चेहरों पर आई मुस्कान

**ऑपरेशन मुस्कान में टीकमगढ़ पुलिस की एक और सफलता**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। आपरेशन मुस्कान अंतर्गत टीकमगढ़ पुलिस को बढ़ी कामयाबियां मिली हैं। गुम हुए बच्चों का सुराग लगाने और उन्हें परिजनों से मिलाने से उदास परिजनों के चेहरों पर मुस्कान आई है। बताया गया है कि 15 दिसम्बर 2024 को पलेरा थाना पुलिस टीम द्वारा पिछले 02 वर्ष से गुमशुदा 01 नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एसडीओपी टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 'महिला सम्मान, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता हेतु जारी 'ऑपरेशन मुस्कान' अंतर्गत समस्त थाना एवं चौकी द्वारा गुम बालक एवं बालिकाओं, महिलाओं की दस्तयाबी की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिसमें टीकमगढ़ पुलिस द्वारा गुम बालिकाओं एवं महिलाओं का साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर राज्य से एवं राज्य के बाहर से विभिन्न शहरों से दस्तयाब कर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है। थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 15 दिसम्बर 2024 को पिछले 02 वर्ष से गुम 01 नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक मनीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनमोहन रैदास, आरक्षक अजय अहिरवार, भास्कर मिश्रा, माता प्रसाद, महिला आरक्षक मोनिका मुबेल, सुमित कुमार एवं प्रधान आरक्षक ज्ञानेन्द्र रजक (विशेष पुलिस इकाई) की विशेष भूमिका रही।




***ऑपरेशन मुस्कान-***

अंतर्गत पिछले 15 दिन में 04 गुम बालिकाएं, 04 नाबालिग बालकों सहित 19 गुम महिलाओं को देश के विभिन्न राज्यों के शहरों से पुलिस टीमों द्वारा सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका हैं। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ऑपरेशन मुस्कान में लगातार गुम बालिकाओं, महिलाओं की दस्तयाबी की कार्यवाही जारी रहेगी।

# जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन द्वारा जमकर किया गया प्रदर्शन

**-महामहिम राष्ट्रपती के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन**

**-जिले भर के आदिवासी समाज के लोगो ने विभिन्न परियोजनाओं मे विस्थापन के बाद मुआवजा न मिलने को लेकर किया प्रदर्शन**



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा अनेक परियोजनाए स्वीकृत की गई है, उक्त परियोजनाए अधिकांश आदिवासी बहुल्य ईलाको में है, जैसे केन बेतवा लिंक परियोजना, पवई मध्यम, बहुउद्देशीय परियोजना, मझगांय बांध, रूंज बांध परियोजना स्वीकृत की गई है, उक्त परियोजनाओं मे प्रभावित आदिवासी परिवारो को अभी तक मुआवजा की राशि नहीं दी गई है, उन्हे केवल विस्थापित करने के आदेश जारी किये गये है, पवई मध्यम परियोजना को पूर्ण हुए चार वर्ष बीत गये, उसके बावजूद प्रभावित परिवारों को मुआवजा नहीं दी गई। इसी प्रकार मझगांय एवं रूंज बांध में आने वाले आदिवासी परिवारो भी आज दिनांक तक निर्धारित मुआवजा राशि नहीं दी गई है, इसी प्रकार केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केन बेतवा लिंक परियोजना में पन्ना जिला के आठ आदिवासी बहुल्य ग्राम प्रभावित हुए है, जिसमें कुड़न, गहदरा, रक्सेहा, कोनी, कटेहरी बिलहटा, खमरी, मरहा आदि, उक्त ग्रामो को अन्य स्थानो पर विस्थापित किया जा रहा है, लेकिन उन्हे न तो कहीं पर जमीन आवंटित की गई, न ही परिवार के सदस्यों के हिसाब से मुआवजा राशि दी जा रही है, उनकी चल तथा अचल संपत्ती का निर्धारण भी नहीं किया गया है, और न ही उस हिसाब से राशि आवंटित की गई है। उक्त तमाम मामलो को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के नेत्रत्व में हजारो की संख्या में एकत्रित हो कर आदिवासी वर्ग द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया तथा मुआवजा राशि तत्काल दिये जाने की मांग की गई। आदिवासी वर्ग द्वारा जमकर तीन घंटा तक धरना दिया गया, एवं निर्धारित मानदण्ड के अनुसार मुआवजा दिये जाने की बात कही गई। संगठन तीन घंटा तक प्रदर्शन करता रहा, तथा कलेक्टर को ही ज्ञापन देने की मांग पर अड़ा रहा अन्त:ता कलेक्टर के द्वारा ज्ञापन लेकर आश्वासन देते हुए मुआवजा राशि निर्धारित मापदण्ड अनुसार दिलाये जाने की बात कही गई है। उक्त ज्ञापन देने वालो में जयस के अध्यक्ष मुकेश गौड़, रामपाल सिंह, महेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, दयाराम, प्रताप पटेल, रवी करण, कन्हैया लाल, गोरीबाई, मुलिया, मीना, रघुनाथ, वीरेन्द्र, अरविन्द, बुद्धु, सहित सैकडो की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# शहीद पर्व पर गांधी चौक में पुलिस विभाग का कार्यक्रम आयोजित

## पुलिस बैंड द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुति



**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में गौरव पर्व मनाया जा रहा है, जिसे अलग अलग विभागों द्वारा अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी कड़ी मे पुलिस विभाग द्वारा स्थानीय गांधी चौक पर शहीद दिवस के अवसर पर पुलिस बैन्ड फिर से पुनरजीवित किये जाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा सभी जिलो में पुलिस बैन्ड पार्टी फिर से प्रारंभ कर दी गई है जो विभिन्न राष्ट्रीय पर्वो के अवसर पर अपनी मनमोहक प्रस्तुती देगें। इसी कड़ी में गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस बैन्ड़ पार्टी द्वारा मनमोहक पार्टी दी गई तथा देश भक्ति से ओतप्रोत गीतो को गाया गया, इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शको द्वारा मनमोहक प्रस्तुती सुनकर तालियों से स्वागत किया। बैन्ड पार्टी को पुन: स्थापित होने पर लोक निर्माण विभाग ठेकेदार संघ द्वारा 21 हजार रूपये की राशि बैन्ड पार्टी की व्यवस्थाओं के लिए प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा किया गया।

# पन्ना जिले के भाजपा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी गुनौर मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन निरस्त

## जिले भर में मनमाने ढंग से किया गया मंडल अध्यक्षों का चयन, जिससे कार्यकर्ताओं मे है आक्रोश

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक निर्वाचन प्रक्रिया चल रहीं है, जिसमें कार्यकर्ताओं को रायसुमारी अलग अलग मडलों मे कराई गई थी, तथा मंडल अध्यक्ष चयन को लेकर उम्र सहित अन्य मापदण्ड निर्धारित किये गये थे, लेकिन जब मंडल अध्यक्षो की सूची जारी हुई तो उक्त सूची में रायसुमारी तथा प्रदेश स्तर से बनाये गये नियमो को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से मंडल अध्यक्ष बनाकर घोषित कर दिये गये, जिससे आम कार्यकर्ताओं मे निराशा का माहोल देखा गया है, बताया जाता है कि राय सुमारी के दौरान जिस कार्यकर्ता का नाम पचास लोगो ने लिखकर दिया उसको नहीं बनाया गया तथा जिसे तीन लोगो ने समर्थन दिया उसकी घोषणा कर दी गई। इसी प्रकार 45 वर्ष उम्र की भी गाईड लाईन जारी की गई थी, लेकिन अनेक मंडल अध्यक्ष 45 वर्ष से अधिक उम्र के घोषित कर दिये गये। अन्दर खाने की बात कार्यकर्ताओं द्वररा यह बताई जा रही है कि अधिकांश मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष की सिपारिश तथा पसन्द के आधार पर घोषित किये गये है, इसमें निर्धारित प्रक्रिया तथा रायसुमारी को कोई महत्व नहीं दिया गया है। कार्यकर्ताओं द्वारा भारी शिकायत करने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद यादव द्वारा गुनौर मंडल अध्यक्ष की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है तथा फिलहाल गुनौर मंडल का निर्वाचन होल्ड कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य मंडलो मे भी भारी विशंगतिया सामने आई है, जिसमें उदाहरण के तौर पर सिमरिया मंडल तथा मोहन्द्र मंडल सहित और भी अन्य मंडलो में 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है तथा अनेक मंडलो में फिर से पुराने मंडल अध्यक्षों को अभयदान देते हुए मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। फिलहाल मंडल अध्यक्ष चयन प्रक्रिया पर पार्टी के अन्दर ही अन्दर सवाल खड़े हो रहे है तथा पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अनेक मंडल अध्यक्षों की शिकायते करते हुए निर्वाचन अधिकारी से पुनरविचार करने का अनुरोध किया गया है।

# पन्ना टाइगर रिजर्व की हथिनी अनंती नें मादा बच्चे को दिया जन्म

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना टाइगर रिजर्व की मादा हाथनी अनंती गर्भवती थी। जिसके द्वारा विगत महीनों से कोई काम नहीं लिया जा रहा था। दिनांक 16.12.2024 को दोपहर 02.00 बजे अनंती के द्वारा एक मादा हाथी के बच्चे को जन्म दिया है। मां एवं बच्चा दोनो स्वस्थ्य हैं। प्रसव के उपरान्त हाथी एवं बच्चे से सम्बन्धित तकनीकी पर्यवेक्षण डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, वन्यप्राणी चिकित्सक, पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा किया गया है एवं क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व के द्वारा मैदानी अमले को आवश्यक सावधानी बरतने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं।



# मुख्यमंत्री के 19 दिसम्बर को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत तैयारियों का लिया जायजा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 19 दिसम्बर को पन्ना आगमन प्रस्तावित है। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम एवं सभा के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस क्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने सोमवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना ग्राउण्ड पहुंचकर कार्यक्रम स्थल में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारीद्वय ने मंच एवं बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग, यातायात व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम संजय नागवंशी एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।



# यातायात पुलिस द्वारा बस स्टेण्ड में अनियमित रुप से संचालित बसों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही

पन्ना/पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात द्वारा व अपनी यातायात टीम के साथ अनियमित रुप से संचालित बसों के विरुद्ध विगत दिवस विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी यातायात श्रीमती निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा बसों सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 40 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही.एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की जाकर 9500 रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी। इसके साथ ही सभी बस चालकों को समझाईस दी गयी कि समय से अपनी-अपनी बसों का संचालन करें निर्धारित समय से पहले बसों को बस स्टेण्ड पर खड़ा न करें। उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक महेश तिवारी, प्रधान आरक्षक कमलेश, सुनील पान्डेय, उमा आदि उपस्थित रहें।



# 26 जनवरी तक 70 वर्ष से अधिक सभी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बन जाये-कलेक्टर श्री कोचर

## 26 जनवरी 2025 तक जिले के समस्त ग्रामों/वार्डों में नियमित रूप से विशेष अभियान चलाया जाकर अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत सेचुरैशन लाया जाना है

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 दिसम्बर। भारत सरकार एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं के लाभ उनके पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 26 जनवरी 2025 तक ''मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान'' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के दौरान चिन्हित योजनाओं एवं सेवाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान कर शत प्रतिशत सैचुरेशन लाया जाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

ऐंसे 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, का चिन्हांकन कर आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत उनके शत प्रतिशत रूप से आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2025 तक जिले के समस्त ग्रामों/वार्डों में नियमित रूप से विशेष अभियान चलाया जाकर अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत सेचुरैशन लाया जाना है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने उक्त विशेष अभियान के लिए जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार जैन को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है एवं डॉ. रीता चटर्जी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी दमोह को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। विशेष अभियान के क्रियान्वयन हेतु सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक दमोह अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत सर्वे सह सैचुरैशन कार्य 26 जनवरी 2025 तक पूर्ण कराना, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी (समस्त), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (समस्त), मुख्य नगर पालिका अधिकारी (समस्त), परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास (समस्त) आदि अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपे गये हैं।



कलेक्टर श्री कोचर ने विशेष अभियान अंतर्गत दल निर्धारित किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी, आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम., आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। 70+ आयुष्मान कार्ड हेतु 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले सर्वे सह सैचुरैशन की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाये इस हेतु निम्नानुसार निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित किये जायें।

निर्धारित दल को ग्रामवार/वार्डवार 70+ उम्र के वृद्धजनों की लक्षित सूची स्वास्थ्य विभाग दमोह द्वारा समस्त संबंधित खण्ड स्तरीय अधिकारियों (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत / मुख्या नगर पालिका अधिकारी / परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास / विकासखण्ड चिकित्सा?अधिकारी / सिविल सर्जन) को उपलब्ध कराई जायेगी।

उपरोक्तानुसार दल द्वारा किये गये सर्वे एवं बनाये गये आयुष्मान कार्ड की जानकारी सामाजिक न्याय विभाग दमोह द्वारा उपलब्ध कराये गये गूगल फॉम में नियमित रूप से लगातार दर्ज की जायेगी। 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2025 तक 70+ उम्र के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड सैचुरैशन हेतु कार्ययोजना ग्राम पंचायत/वार्ड वार लक्ष्य2 की सूची नोडल अधिकारी के माध्यम से निर्धारित दल को प्रदाय की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत / मुख्य नगर पालिका अधिकारी / परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास / विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी / सिविल सर्जन अपने अधिनस्थ मैदानी अमले को प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य देंगे एवं प्रतिदिन लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा करेंगे।

प्रतिदिन बनाये गये आयुष्मान कार्ड की जानकारी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी (मुख्य चिकित्साक एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह को उपलब्ध कराई जायेगी। इस प्रकार से 70+ के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का संपूर्ण उत्त?रदायित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का होगा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह प्रतिदिन की प्रगति से जिला कलेक्टर को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। विशेष अभियान में संलग्न समस्त अधिकारी / कर्मचारियों का उत्तरदायित्व होगा कि जिले में 70+ आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन कार्य 26 जनवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाये।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा कुंडलपुर पटेरा स्थित श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र भोजनशाला का किया गया औचक निरीक्षण

## भोजनशाला में खाद्य सुरक्षा मानकों के परिपालन की हुई जांच

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने कुंडलपुर पटेरा स्थित श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र भोजनशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भोजनशाला में वेंटिलेशन, तैयार भोजन की टेस्ट रिपोर्ट, प्रकाश व्यवस्था, समुचित फ़ूड सर्विसिंग, कच्चे खाद्य पदार्थों का निरीक्षण, खाद्य तेल का समुचित उपयोग, पेस्ट कंट्रोल, कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेट एवं ट्रेनिंग रिकॉर्ड सहित अन्य खाद्य सुरक्षा मानकों के परिपालन की जांच की गई है।



निरीक्षण के दौरान भोजनशाला में खाद्य लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई है। कार्यरत कर्मचारियों को हेड कवर, अप्रन, हैंड ग्लव्स का फूड सर्विस के दौरान इस्तेमाल करते हुए पाया गया है। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिए गए। पेस्ट कंट्रोल की व्यवस्था का रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिए गए। फोस्टेक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिए गए। कचरा प्रबंधन व्यवस्था समुचित पाई गई। मौके पर भोजनशाला संचालक को रसोईघर में समुचित साफ सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं एवं परिसर में एक्सपायरी डेट की किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का उपयोग एवं भंडारण नहीं करने के निर्देश दिए गए।

# अनुबंधित बस का संचालक लगा रहा है, दो विभागों को चूना

## -मथुरा डिपो से अनुबंधित 42 सीट बस, अवैध रूप से 52 सीट बनकर दौड़ रही है रोड पर

## -जिलाधिकारी ने एआरटीओ को दिए कार्रवाई के निर्देश



***परिहार गर्जना न्यूज। माथुर भारतीय जनता पार्टी नीत योगी आदित्यनाथ की सरकार भले ही सुशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देने का दम भरती लेकिन धरातल पर सत्यता कुछ और ही दिखाई दे रही है मथुरा में रोडवेज विभाग से अनुबंधित एक बस का संचालक नियम और कानून को ठेगा दिखाते हुए एआरटीओ से 42 सीट में पंजीकृत बस को 52 सीट की अवैध रूप से बनाकर धड़ल्ले से रोड पर संचालित की जा रही है यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसी परंपरा बन जाएगी इस संबंध में जिलाधिकारी ने के आदेश दिए हैं।***

जानकारी के अनुसार मथुरा रोडवेज बस डिपो से अनुबंधित बस जिसका पंजीयन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मथुरा के कार्यालय से अप 85 डीटी 1884 जो 42 सीट में पास है उसके संचालक ने इस बस में अवैध रूप से सीट लगाकर 52 सीट की बनाकर मथुरा से अलीगढ़ के लिए खर्राटे से रोड पर दौड़ती दिखाई दे रही है ऐसा नहीं है इस बस के अंदर जो अवैध खेल हुआ है उसकी जानकारी रोडवेज के अधिकारियों को नहीं हो इसके बावजूद इस बस पर आज तक बस संचालक की पकड़ के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

उक्त अनुबंधित बस के संचालक के हौसले इतने बुलंद हैं उसे नियम कानून और प्रशासन तथा विभागीय कार्रवाई का किंचित मात्र को भी भय नहीं है । इस संबंध में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को अवगत कराया गया तो उन्होंने एआरटीओ मथुरा को तत्काल आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं देखना है जिलाधिकारी के आदेश इस मामले में कितने प्रभावी साबित होते हैं।

# मोटी तोंद वाले पुलिसकर्मियों को देख भड़के एसएसपी

## फिट रहने की दी सलाह खुद पुलिसकर्मियों को लेकर ग्राउंड मे लगाई दौड़



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जनपद के तेज तर्रार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपनी फिटनेस का बहुत ध्यान रखते है इसी कारण अपने हर काम को कुशलता से अंजाम देते रहते है जिसका लोहा मथुरा की जनता भी मानने लगी है हाल के वर्षो में जितने भी कप्तान मथुरा मै आए उनमें शैलेश कुमार पांडे ने अपने नाम का सिक्का जमा लिया, बड़े बड़े मामले को अपनी टीम को लीड कर सुलझाए।

पुलिस का प्रत्येक जवान फिट होना चाहिए। यही कारण है कि रोजाना ग्राउंड में परेड कराई जाती है। जिले के प्रत्येक थाना और चौकी से पुलिसकर्मी परेड ग्राउंड पहुंचते हैं और व्यायाम करते हैं। गत दिवस परेड के दौरान एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय अधीनस्थों के बाहर निकले पेट को देख भड़क गए। उन्होंने पहले तो सभी को बुलाकर व्यायाम करने की सलाह दी। इसके बाद अधीनस्थों का उत्साह बढ़ाने के लिए वह परेड ग्राउंड में दौड़ने लगे।

एसएसपी ने अधीनस्थों के साथ ग्राउंड के दो चक्कर लगाए। इस दौरान कई अधिकारी ऐसे थे जिनकी पहले ही राउंड में सांस फूल गई। एसएसपी ने सामूहिक रूप से उन्हें रोजाना कसरत करने की सलाह दी।

# नगर में बीटो शुगर क्लिनिक का विधायक अनिल जैन ने किया शुभारंभ

## डॉ आशीष बडोनिया को बताया भरोसे का दूसरा नाम

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर आज डायबिटीज की बीमारी का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इलाज की सुविधा प्राप्त करने के लिए बीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ विधायक अनिल जैन के द्वारा फिता काटकर किया गया। डॉ आशीष बडोनिया एवं श्रीमती आस्था बडोनिया के द्वारा संचालित खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में वीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक अनिल जैन जनपद अध्यक्ष श्रीमती निरंजना जैन का डॉ आशीष बडोनिया श्रीमती आस्था बडोनिया एवं अन्य चिकित्सकों के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ नवनीत अग्रवाल के द्वारा वीटो शुगर क्लिनिक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि डायबिटीज बीमारी के संबंध में डॉक्टर परामर्श जांच एवं दवा सहित संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए वीटो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है जिस पर डायबिटीज के मरीज को सभी सुविधाएं घर बैठे प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर वीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक अनिल जैन ने वीटो शुगर क्लिनिक की टीम सहित खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ आशीष बडोनिया सहित सभी चिकित्सकों को डायबिटीज बीमारी के इलाज के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किये जाने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहां कि जब छोटा सा नगर जिला बन सकता है तो इस छोटे से जिले में वीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ हम सबके लिए एक बड़ी उपलब्धि रहेगी इसके साथ-साथ विधायक श्री जैन ने कहा कि कोरोना काल में डॉ आशीष बडोनिया ने तन मन धन के साथ मरीजों की सेवा की है और चिकित्सा के क्षेत्र में अपना एक मुकाम बनाया है। विधायक श्री जैन ने कहा कि खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डॉ आशीष बडोनिया हमारे जिले में भरोसे का दूसरा नाम है जिनके द्वारा हमारे क्षेत्र के मरीजों को सभी सुविधाओं के साथ मरीज का इलाज किया जा रहा है। इस अवसर पर वीटो शुगर क्लिनिक के सीईओ गौतम चोपड़ा यश सहगल सहित अन्य चिकित्सको के साथ-साथ श्रीमती रजनी राय नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार उपाध्यक्ष सत्यदेव तिवारी डॉ नंदकिशोर नापित महेंद्र दांगी दिनेश दुबे रमेश खंगार सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वीटो सूगर क्लिनिक के शुभारंभ पर डायबिटीज के मरीजों की निशुल्क जांच की गई तथा अन्य सुविधाएं भी खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर डॉ आशीष बडोनिया के द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया।



# आज हो सकती है निवाड़ी जिले में भाजपा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा

## निवाड़ी मंडल में सत्ता का ओरछा मंडल में निर्वाचन टीम का और तरीचर मंडल में संगठन की पसंद का हो सकता है मंडल अध्यक्ष

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी संगठन में चल रही मंडल अध्यक्ष की निर्वाचन की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है तथा प्रदेश के कई जिलों सहित टीकमगढ़ जिले में भाजपा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा भी हो चुकी है जबकि निवाड़ी जिले में निर्वाचन प्रभारी की उपस्थिति में संपन्न हुई रायसुमारी के उपरांत अब मंडल अध्यक्षों की घोषणा होने का इंतजार किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने निवाड़ी जिले में तीन मंडल अतिरिक्त बनाते हुए 10 मंडल घोषित किए हैं जिनमें निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। निवाड़ी जिले के विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी में पांच मंडल बनाए गए हैं जिनमें निवाड़ी तरीचरकला एवं ओरछा पहले से ही थे जबकि निवाड़ी ग्रामीण एवं नेगुआ नए मंडल बनाए गए हैं। निवाड़ी जिले के विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी के पांच मंडल एवं विधानसभा क्षेत्र पृथ्वीपुर के भी पांच मंडलों में आज से लगभग चार दिवस पूर्व जिला निर्वाचन टीम की उपस्थिति में बूथ समितियो के अध्यक्षों एवं सक्रिय सदस्यों से रायसुमारी की जा चुकी है और अब रायसुमारी के उपरांत मंडल अध्यक्ष की घोषणा का इंतजार किया जा रहा है।

***विधायक, जिला अध्यक्ष और निर्वाचन टीम के तालमेल से बनेंगे मंडल अध्यक्ष***

भारतीय जनता पार्टी में सितंबर माह से चलाए गए सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया गया और फिर बूथ समितियो के अध्यक्ष की घोषणा के बाद अब मंडल अध्यक्ष की निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें जिला चुनाव अधिकारी कमल माखीजानी सहायक चुनाव अधिकारी डॉ नंद किशोर नापित एवं मुकेश दांगी के द्वारा रायसुमारी की गई जिसके बाद ऐसी चर्चाएं हैं कि विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी के तीन मंडल तरीचर कला निवाड़ी और ओरछा में एक-एक मंडल अध्यक्ष सत्ता संगठन और निर्वाचन टीम की पसंद का बन सकता है। निवाड़ी मंडल में सचिन तिवारी कमलेश चौरसिया रिंकू सेन सहित लगभग आधा दर्जन दावेदारों ने मंडल अध्यक्ष के लिए दावेदारी की थी जिनमें से अब ऐसी संभावना बताई जा रही है कि स्थानीय विधायक की पसंद से कमलेश चौरसिया को मंडल अध्यक्ष की कमान दी जा सकती है जबकि ओरछा में संगठन सत्ता और निर्वाचन टीम के द्वारा तालमेल बनाया जा रहा है जिसमें संगठन की पसंद के रोहित यादव एवं जिला निर्वाचन टीम की पसंद से पुष्पेंद्र सेन में से किसी एक दावेदार को मंडल अध्यक्ष की कमान दी जा सकती है इसी तरह तरीचर मंडल में भी संगठन सत्ता और निर्वाचन समिति में तालमेल के चलते योगेश शर्मा और मनीष शर्मा में से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाया जा सकता है। फिलहाल अभी मंडल अध्यक्ष के नाम को लेकर कयास ही लगाय जा रहे हैं और ऐसी संभावना है कि आज निवाड़ी जिले में मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जा सकती है।

# अपने पैर पर फिर से खड़ी हो सकी प्रिया

## मरीज के परिजनों ने केएम अस्पताल के हड्डी विशेषज्ञों के कार्य की प्रशंसा

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। दो महीने पूर्व कालेज से घर आते समय 18 वर्षीय प्रिया कुंतल पुत्री करवार निवासी मगोर्रा गांव मकेरा का एक्सीडेंट होने से कूल्हे की हड्डी पर चोट आई थी। इसके चलते परिवारीजनों ने मथुरा के बड़े बड़े अस्पताल में दिखाया, किन्तु उम्र कम होने व चोट गंभीर होने के कारण सभी हॉस्टिल ने इसको दिल्ली व जयपुर को रैफर कर दिया।

ऐसे में इनके घरवाले इन्हें केएम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लेकर आये जहां वह हड्डी रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डा. हर्षित जैन व असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज त्यागी से मिले। जहां डाक्टरों ने बताया कि प्रिया के उल्टे पैर का गुल्ला उसकी कप से निकल गया है व कूल्हे के बाल्व उसके ऊपर का कप भी टूट गया है, क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसे में मरीज का तुरंत ऑपरेशन करना जरूरी है।

डा. हर्षित जैन ने बताया कि मरीज को हिप डिस्लोकेशन के साथ हैड व एसेटाबुलम फ्रैक्चर था, साथ में पैर की नस में भी सूजन थी, ऐसी चोट काफी विषम होती है व उपयुक्त इलाज न मिलने पर कूल्हें में सढाव, पैर में अपंगता आदि परेशानी हो सकती है, साथ में मरीज के कम उम्र के होने के कारण परिस्थिति और भयावह बन सकती थी। लेकिन मरीज के परिजनों ने केएम के आर्थोपेडिक विभाग की टीम पर पूर्ण विश्वास कर ऑपरेशन कराया।

असिटेंट प्रोफेसर डा. पंकज त्यागी ने बताया कि मरीज की प्रथम सर्जरी उसके भर्ती होने के तुरंत बाद की गई थी, जिसमें उसकी बाल को जोड़ में बैठाया गया व अगले दिन दूसरी सर्जरी की गई जिसमें कूल्हे की बाल व कटोरी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में डा. हर्षित जैन, डा. पंकज त्यागी के अलावा निश्चेता विशेषज्ञ डा. अचल जैन, टैक्नीशियन नवीन व सोनू का सहयोग रहा।




विभागाध्यक्ष डा. हर्षित जैन ने बताया कि मरीज अब पूर्णत: स्वस्थ है व अपने पैरों पर भलीभांति चल पा रहा है। मरीज के परिजनों ने डा. हर्षित जैन की टीम व केएम अस्पताल की सुखद व्यवस्थाओं की भूरि भूरि प्रशंसा करते थक नहीं रहे है। जहां वह निराश, हताश हो चुके थे, कि क्या अब उनकी प्यारी बिटिया कभी खड़ी हो पायेगी? चल पायेगी? लेकिन वह आज दो महीने के बाद ही खड़ी हो पा रही और चल पा रही है। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने हड्डी विभाग की टीम को सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी है।

# अशासकीय विद्यालयों को छात्रों की अपार आईडी बनाने के संबंध में दिए निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेष श्रीवास्तव की उपस्थिति में अशासकीय विद्यालयों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों की अपार आईडी बनाए जाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेष श्रीवास्तव द्वारा दिए गए। बैठक में सभी शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य को शासन के आदेशों से अवगत कराया गया तथा एक सप्ताह में शत प्रतिशत अपार आईडी बनाए जाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में आई डी सेल प्रभारी आकाश खरे के द्वारा अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया एवं उसमें आने वाली कठिनाइयों के निराकरण से सभी अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य को अवगत कराया गया। बैठक में एडीपीसी हरिशंकर वर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर डी वर्मा प्राचार्य अटल शर्मा कुलदीप आनंद सुरेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा

## 30 मंडलों में 11 की कमान ब्राह्मणों को सौंपी गयी, दलित समाज को एक

छतरपुर। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर के अनुमोदन और पर्यवेक्षक सदानंद गोडबोले की सहमति से छतरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने छतरपुर जिले के मंडल अध्यक्षों की सूची रविवार की देर रात जारी कर दी है। भाजपा ने छतरपुर जिले के 30 मंडलों के अध्यक्ष घोषित किये, जिसमें सबसे ज्यादा पद ब्राह्मण समाज को सौपे गए हैं। 30 मंडलों में से 11 मंडलों की कमान ब्राह्मण कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है, जबकि दलित समाज से एक मंडल अध्यक्ष, ठाकुर समाज से 5 और ओबीसी के कुल 9 मंडल अध्यक्ष बनाये गए हैं।

### गजेंद्र सोनकिया को मिली नौगांव मंडल की कमान



भाजपा द्वारा जारी की गई मंडल अध्यक्षों की सूची में नौगांव नगर मंडल अध्यक्ष पद पर पुन: गजेंद्र सोनकिया का नाम घोषित किया गया है। क्षेत्रीय सांसद, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं की रायशुमारी एवं निर्धारित मापदंडों के आधार पर संगठन ने गजेंद्र सोनकिया को दोबारा मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। लिस्ट जारी होते ही कार्यकर्ताओं ने उन्हें फोन पर बधाई दी साथ ही तहसील चौराहे पर जश्न मना कर सभी ने माला पहनाकर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष अंजुल सक्सेना, सूरज देव मिश्रा, दीपक दीक्षित, प्रतीक सन्नो सक्सेना, चिरंजीलाल निरंजन, रूपकिशोर पाठक, अमित तिवारी, खेमचंद्र साहू, लव सुल्लेरे, राहुल साहू, राजदीप गंगेले, भारती साहू, अंजना राजपूत, ममता यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाकर गजेंद्र सोनकिया को बधाई दी। वहीं गजेंद्र सोनकिया ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

### अजित सिंह फिर बने हरपालपुर मंडल अध्यक्ष

उक्त सूची में हरपालपुर मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एक बार फिर अजित सिंह तोमर को दी गई है, जिसके चलते उनके समर्थकों में उत्साह देखने को मिला है। सभी ने आतिशबाजी करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं, वहीं अजित सिंह ने अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करने की बात कही है।



### *केडी गोस्वामी को मिली मातगुवां की कमान*

जारी सूची में मातगुवां मंडल की कमान कृष्णदत्त उर्फ केडी गोस्वामी को मिली है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केडी गोस्वामी ईशानगर मण्डल के अध्यक्ष रह चुके हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने अपने नए परिसीमन में प्रत्येक विधनसभा 4 से बड़ाकर 5 मण्डल बनाए हैं और इसी के तहत मातगुवां नया मंडल बना है।

# डीएपी के बाद यूरिया की किल्लत से जूझ रहे हैं किसान

## जरूरत के मुताबिक नहीं दी जा रही खाद





छतरपुर। पिछले दिनों जहां किसान डीएपी खाद की किल्लत से जूझ रहा था, तो वहीं अब जिले में यूरिया की कमी सामने आ रही है। यूरिया लेने के लिए किसान सुबह 3 बजे से जिला मुख्यालय के वितरण केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। घंटों की मशक्कत के बाद किसान को 2 बोरी यूरिया खाद मिलता है, जो कि उनकी जरूरत के अनुसार काफी कम है। इसी के चलते किसानों को बार-बार वितरण केन्द्रों के चक्कर लगाना पड़ रहे हैं।

सोमवार को जिला मुख्यालय के खाद वितरण केन्द्र पर ग्राम राईपुरा से आए किसान उमेश यादव ने बताया कि वह सुबह 6 बजे से कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उमेश ने बताया कि उसे 10 बोरी यूरिया की आवश्यकता है लेकिन दिन भर लाइन में लगने के बाद उसे 2 बोरी यूरिया मिलेगा और शेष यूरिया के लिए उसे दोबारा केन्द्र पर आना होगा। इसी तरह सड़ेरी के महेन्द्र तिवारी ने बताया कि उन्हें 15 बोरी यूरिया की आवश्यकता है लेकिन केन्द्र पर एक दिन में किसान को 2 बोरी यूरिया ही दिया जा रहा है। गुरईया के वृद्ध किसान मिहींलाल और बक्सीपुरवा के नंदी कुशवाहा ने बताया कि चूंकि देरी से आने पर टोकन नहीं मिलता इसलिए वे सुबह 3 बजे ही केन्द्र पर आ गए थे। कर्री के किसान जगदीश पटेल और हर्रई के हरिचंद आदि ने यूरिया वितरण प्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए नाराजगी जाहिर की है। उक्त किसानों ने केन्द्र पर पानी और बैठने की व्यवस्था न होने की बात भी कही।

### *एक बार में मिले जरूरत के अनुसार खाद*

खाद वितरण केन्द्र पर टोकन लेकर घंटों तक लाइन में लगने के बाद किसानों को मात्र 2 बोरी यूरिया मिल रहा है, जिससे किसान नाराज हैं। किसानों का कहना है कि यूरिया वितरण प्रणाली में सुधार होना चाहिए और किसान को एक बार में ही उसकी जरूरत के अनुसार खाद दिया जाना चाहिए। ऐसा करने से किसानों के समय की बचत होगी और उन्हें बार-बार वितरण केन्द्र पर आकर लाइन में नहीं लगना होगा।

### *बमीठा में किसानों ने किया चक्काजाम*

जिले के बमीठा कस्बे में सोमवार की दोपहर खाद न मिलने से नाराज किसानों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया, जिसके चलते दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की कतारें लग गईं। बताया गया है कि यहां पर किसान सुबह करीब 4 बजे से कतारों में लगे थे और जब दोपहर तक उन्हें खाद नहीं मिला तो वे आक्रोशित हो गए। बताया गया है कि नाराज किसान शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठ गए थे, जिस कारण से हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में अधिकारियों की समझाइश पर किसानों ने जाम खोला।

# सैक्स रैकेट में पकड़ी गयी युवतियां जमानत पर छूटी, युवक भेजे गये जेल



छतरपुर। गत रोज कोतवाली और महिला थाना पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार पर कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन युवतियों और दो युवकों को गिरफ्तार किया था। कोतवाली थाना में उक्त सैक्स रैकेट की सरगना संतोषी तिवारी के अलावा 6 युवतियों और 2 युवकों के खिलाफ धारा 151 के तहत मामला दर्ज किए जाने के बाद सोमवार को युवक-युवतियों को एसडीएम न्यायालय छतरपुर में पेश किया गया, जहां से युवतियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है, जबकि दोनों युवकों को जेल भेजा गया है। वहीं सैक्स रैकेट की सरगना संतोषी तिवारी पर कोतवाली थाना में ही आबकारी अधिनियम के तहत पृथक से मामला दर्ज करते हुए उसे भी जेल भेजा गया है।

# गुलगंज पुलिस ने पकड़े दो शराब तस्कर

छतरपुर। गुलगंज थाना पुलिस ने बीती रात थाना क्षेत्र में दो शराब तस्करों को उस वक्त दबोच लिया जब वे कार में अवैध शराब भरकर जा रहे थे। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गुरूदत्त शेषा ने बताया कि रोड पेट्रोलिंग के दौरान सागर-कानपुर नेशनल हाइवे पर ग्राम बिलराव के पास बड़ामलहरा की ओर जा रही बोलेरो कार को रोका गया था, जिसकी जांच करने पर 23 पेटी अवैध शराब मिली। पुलिस टीम ने शराब तस्करी कर रहे चालक शिवादित्य उर्फ राजा जी पिता रमेश सिंह बुंदेला निवासी भगवां और उसके साथी प्रहलाद पिता लखन पटेल निवासी टुरया थाना बमीठा को दबोच लिया जबकि एक अन्य आरोपी भरत राजा निवासी ग्राम अमरवां अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों के विरुद्ध थाना गुलगंज में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी शिवादित्य के विरुद्ध मारपीट जैसे 3 अपराध पहले से दर्ज हैं। फरार आरोपी भरत राजा की तलाश की जा रही है।




## देशी कट्टा लिए घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक सुरभि शर्मा ने बताया कि बीती शाम रोड पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम कुर्राहा में पुलिस टीम को एक संदेही मिला, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके 315 बोर का देशी कट्टा व कारतूस मिला। अवैध हथियार को जप्त कर अरोपी मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद अब्बास निवासी वार्ड क्रमांक 5 गढ़ीमलहरा के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में आरोपी की अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर भी वायरल हुई थी, जिसके चलते पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी।




**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321